ए आइ यू नेशनल यूथ फेस्टिवल, **हुनर2024**, पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना 28-03-2024 से 01-04-2024 में आयोजित हुआ जिसमें बी बी एम के युनिवर्सिटी की कल्चरल टीम ने 6 इवेंट्स में प्राइज जीता। इस टीम में गुरुनानक कॉलेज धनबाद से प्रतिभागियों ने तीन इवेंट्स में प्राइज पर कब्जा किया। पांचदिवसीय इस कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष के अलग-अलग ज़ोन से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी की इस टीम में गुरुनानक कॉलेज धनबाद से 5 छात्र छात्राओं को जगह मिली। टीम में गुरुनानक कॉलेज के छात्रों में से तनुश्री को रंगोली में द्वितीय स्थान, अफशा को एलोक्यूशन में त्रितीय स्थान, अंकित कुमार को ऑन स्पॉट पेंटिंग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों की लगन और कड़ी मेहनत की वजह से ही यह उपलब्धि हासिल हुई। कॉलेज के शाशि निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल ने पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई दी, साथ ही साथ उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। शाशि निकाय के सचिव सरदार दिलजॉन सिंह ग्रेवाल ने इसे ऐतिहासिक पल बताते हुए छात्र-छात्राओं को शुभाशीष दी। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस सफलता से पूरे कॉलेज परिवार में खुशी का माहौल है।